**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**
**INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH**
**कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001**
**Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001**

पत्र सं0 रा.भा. 8 (1)/2020–हिन्दी दिनांक 16 फरवरी, 2021

**विषयः परिषद द्वारा प्रकाशित की जाने वाली आगामी गृह पत्रिका "राजभाषा आलोक–2020" अंक–24 के लिए सामग्री भेजने के संबंध में**

**जैसा कि विदित है कि परिषद मुख्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष राजभाषा आलोक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। उक्त पत्रिका में परिषद मुख्यालय सहित इसके अधीनस्थ संस्थानों/ केन्द्रों आदि में वर्ष के दौरान आयोजित की गई राजभाषा गतिविधियों के साथ ही राजभाषा हिन्दी में लिखे गए विभिन्न लेखों को शामिल किया जाता है।**

परिषद द्वारा राजभाषा आलोक पत्रिका में वर्ष 2020 के अंक का प्रकाशन किया जाना है जिसके लिए परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारियों/अनुभागों तथा सभी संस्थानों/केन्द्रों आदि से पांडुलिपियां आमंत्रित हैं। उक्त पत्रिका में 01 जनवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 के दौरान आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों/लेखों को प्रकाशित किया जाएगा। कृपया निम्नलिखित मदों के अनुसार सामग्री भेजने की कृपा करें।

1. वर्ष 2020 के दौरान आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केन्द्र पर आयोजित हिन्दी मास/पखवाड़ा/हिन्दी सप्ताह/हिन्दी दिवस समारोह से संबंधित कार्यक्रम की जानकारी (01 पृष्ठ में 01 चित्र के साथ)।
2. वर्ष 2020 के दौरान आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केन्द्र पर आयोजित हिन्दी कार्यशालाओं की जानकारी संक्षिप्त में (01 पृष्ठ में 01 चित्र के साथ)।
3. वर्ष 2020 के दौरान संस्थान की राजभाषा संबंधी प्रमुख उपलब्धियां (बुलेट के रूप में अधिकतम 10 बिंदु)।
4. राजभाषा हिन्दी में लिखे गए लेख (अच्छे गुणवत्तायुक्त चुनिंदा लेखों को ही पुस्तिका में स्थान दिया जाएगा)।
5. वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कार/सम्मान का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम आधा पृष्ठ)।
6. कार्यालय द्वारा वर्ष 2020 के दौरान प्रकाशित हिन्दी प्रकाशनों की सूची।
7. संस्थान मुख्यालय के अधीनस्थ क्षेत्रीय केन्द्रों की जानकारी को शामिल करके एक साथ भिजवाया जाए।
8. राजभाषा आलोक हेतु सामग्री केवल ई–मेल के माध्यम से ई–मेल ID hindianubhag@yahoo.in या seemachopra.icar@gov.in पर भेजी जाए।

यहां यह भी अनुरोध है कि राजभाषा आलोक 2020 में प्रकाशित करने हेतु भेजी जाने वाली सामग्री संक्षिप्त एवं सारगर्भित केवल यूनिकोड में टाइप करके रंगीन चित्रों (JPG Resolution में) के साथ केवल ई–मेल hindianubhag@yahoo.in या seemachopra.icar@gov.in पर (कृपया हार्ड कॉपी न भेजें) दिनांक 28 फरवरी, 2020 तक भिजवाने की कृपा करें।

**भवदीया,**

सीमा चोपड़ा 16.2.21

**(सीमा चोपड़ा )**
निदेशक (राजभाषा)

**वितरणः**

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय के सभी अनुभाग/अधिकारी जिसमें कृषि अनुसंधान भवन–। एवं ।। भी शामिल है।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/केन्द्रों/ब्यूरों/निदेशालयों के निदेशक।